खण्ड - 8 संख्या - 3

# नवम् बिहार विधान-सभा

## विधान-सभा वादवृत्त

भाग-2, कार्यवाही प्रश्नोत्तर-रहित

मंगलवार, तिथि 12 जनवरी, 1988 ई0

## (ङ) अल्पसंख्यकों के साथ दुर्व्यवहार

**श्री तसलीमउद्दीन :** अध्यक्ष महोदय, समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखंड के ग्राम ठठरवा में श्री बिन्देश्वरी प्रसाद सिंह मुखिया के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समुदाय के घर को घेरकर दर्जनों आदमी को बुरी तरह जख्मी किया एवं औरतों के साथ बलात्कार किया, साथ-साथ लाखों की सम्पत्ति लूटी। ग्राम से सटे थाना के प्रभारी मूक दर्शक की भाँति देखते रहे। अल्प संख्यक लोग ग्राम से भागे हुये हैं। जनता में आक्रोश है। स्थिति भयावह है। दोषी व्यक्ति पर शीघ्र कार्रवाई कर सुरक्षा की व्यवस्था की जाय।

## (च) बरारी प्रखंड में गंगा के कटाव से उत्पन्न स्थिति

**श्री मंसूर आलम :** अध्यक्ष महोदय, कटिहार जिला के बरारी प्रखंड में जरलारी के निकट गंगा नदी द्वारा भयानक कटाव हो रहा है। फलस्वरूप जरलारी पूरा गाँव गंगा के गर्भ में चला गया है तथा जौनिया कुर्सैला बाँध का एक बड़ा भाग कट चुका है।

अतः मैं सरकार से कटाव रोकने के लिये बाँध बनाने की स्वीकृति योजना पर अविलम्ब काम शुरू करने की माँग करता हूँ।

## (छ) सहकारिता विभाग द्वारा ऋण वितरण में अनियमितताएँ

**श्री जनार्दन यादव :** अध्यक्ष महोदय, सम्पूर्ण बिहार में सहकारिता विभाग द्वारा कृषकों को ऋण के रूप में खाद एवं पैसे जो मिले हैं, उसमें घोर अनियमिततायें की गयी हैं। घटिया किस्म के खाद एवं आधा ऋण दिया गया है। भागलपुर जिला के अन्तर्गत चिरैया पैक्स प्रोग्राम के किसानों को आधा ऋण स्वीकृत हुआ, जो किसानों ने लेने से अस्वीकार कर दिया। इसके लिये मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ।